## विमोचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने गुरुवार को तंजावुर जिले में आयोजित एक कार्यक्रम में सरना, सरनियार आंदोलन के 75वें स्थापना दिवस ध्वज, विशेष पेरुंधिरलानी, लाचिनाई की पहली अधिसूचना पत्रिका का विमोचन किया। इस मौके पर मंत्रियों सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# तमिलनाडु सच्चाई जानने का हकदार है...

## मुख्यमंत्री का दौरा चुनावी स्टंट या वास्तविक आउटरीच

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** भारतीय जनता पार्टी के तमिलनाडु प्रवक्ता एएनएस प्रसाद ने बताया कि तमिलनाडु भाजपा बेहतर शासन के लिए हमारे अनुरोध के बाद कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के जिलेवार दौरे का स्वागत करती है। हम जन-केंद्रित परियोजनाओं और विकास कार्यों की देखरेख के लिए मुख्यमंत्री की पहल की सराहना करते हैं। भाजपा मानती है कि डीएमके के पिछले तीन साल प्रशासनिक अक्षमताओं से भरे रहे हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। हम मुख्यमंत्री की सराहना करते हैं कि उन्होंने हमारे आग्रह पर आखिरकार कार्रवाई की। हालांकि, हम इस बात पर स्पष्टता चाहते हैं कि क्या यह कवायद वास्तव में कल्याण के उद्देश्य से है या चुनावी नौटंकी है। पिछले विधानसभा चुनाव में द्रमुक द्वारा किए गए अधूरे वादे चिंता का विषय हैं। हम मुख्यमंत्री से आग्रह करते हैं कि वे सुनिश्चित करें कि योजनाओं को सामाजिक सरोकार और मातृ स्नेह के साथ लागू किया जाए।

भाजपा प्रवक्ता ने मांग की कि मुख्यमंत्री चुनावी राजनीति से ऊपर उठकर लोगों की जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए ईमानदारी से कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित करें। हम पारदर्शिता और प्रभावी क्रियान्वयन की मांग करते हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि लाभ नागरिकों तक पहुंचे, न कि केवल दिखावटी वादा या वोट बैंक की राजनीति। भाजपा ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री द्वारा कल्याणकारी योजनाओं और विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए जिलेवार दौरे करने की आवश्यकता पर बल दिया है। जिला कलेक्टरों, विशेष योजना कार्यान्वयन अधिकारियों और विभागीय अधिकारियों को व्यापक दिशा-निर्देश प्राप्त होने चाहिए। कलेक्टर के नेतृत्व में प्रत्येक जिले को जन-केंद्रित परियोजनाओं और केंद्र और राज्य सरकार की पहलों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए सभी प्रशासनिक विभागों को एकीकृत करना चाहिए।

भाजपा ने पाया है कि प्रत्येक जिले में विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा के लिए नियुक्त निगरानी अधिकारी निष्क्रिय रहे हैं, जिससे पिछली सरकार अन्नाद्रमुक की और वर्तमान द्रमुक की सरकारों की अक्षमताएं बरकरार हैं। इसे सुधारने के लिए, भाजपा ने 25 सितंबर को मांग की कि मुख्यमंत्री इन मुद्दों को तुरंत हल करने के लिए जिलेवार दौरे शुरू करें, जैसा कि तमिलनाडु सरकार को हमारे आधिकारिक बयान के माध्यम से बताया गया है। भाजपा ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन की जन-केंद्रित पहलों को समर्थन देने का आश्वासन दिया है, बशर्ते वे वास्तव में राज्य के विकास के लिए लाभकारी हों। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई ने मुख्यमंत्री स्टालिन के अनुरोध को पुष्ट करते हुए केंद्र से चेन्नई मेट्रो रेल परियोजना के लिए धन आवंटित करने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री स्टालिन और अन्नामलाई की याचिका को तुरंत स्वीकार करते हुए केंद्र सरकार की पहल के तहत मेट्रो रेल परियोजना के लिए धनराशि को मंजूरी दे दी। यह परियोजना वर्तमान में चल रही है, जो तमिलनाडु के विकास के लिए केंद्र की प्रतिबद्धता को दर्शाती है और राज्य और केंद्र सरकारों के बीच महत्वपूर्ण सहयोग को दर्शाती है। तमिलनाडु में भाजपा का लक्ष्य 2026 के विधानसभा चुनावों में द्रमुक शासन को हटाकर सत्तावादी राजनीति को समाप्त करके भ्रष्टाचार मुक्त, लोकतांत्रिक सरकार स्थापित करना है। हालांकि, केंद्र की भाजपा सरकार तमिलनाडु के विकास के लिए प्रतिबद्ध है, राज्य सरकार के माध्यम से लाखों करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रही है तथा भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता सुनिश्चित कर रही है।

भाजपा राज्य सरकार द्वारा जल जीवन, आवास योजना और राष्ट्रीय शिक्षा नीति जैसी केंद्रीय पहलों के कार्यान्वयन के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत सह-कार्यशील स्थान जैसी अभिनव योजनाओं की सराहना करती है। भाजपा प्रधानमंत्री मोदी की जन-केंद्रित पहलों का अनुकरण करने के लिए मुख्यमंत्री स्टालिन को शुभकामनाएं देती है और उनसे तमिलनाडु के विकास को सुनिश्चित करने के लिए राजनीतिक मतभेदों को भुलाकर केंद्र सरकार के साथ सहयोग करने का आग्रह करती है।

उन्होंने मांग की किमुख्यमंत्री स्टालिन से चुनावी राजनीति को अलग रखकर जन-केंद्रित शासन पर ध्यान केंद्रित करने और तमिलनाडु के नागरिकों के लाभ के लिए केंद्र सरकार के साथ सामंजस्यपूर्ण तरीके से काम करते हुए जिलों में कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने का आग्रह करते हैं।

# एआई-संचालित शासन के विकास पर ध्यान देगा तमिलनाडु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन (टीएनएआईएम) मुख्य रूप से रिसर्च और शासन के लिए एआई-संचालित समाधान विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

याद रहे कि 2024-25 के राज्य बजट में तमिलनाडु सरकार ने टीएनएआईएम की स्थापना की घोषणा की थी, जो शिक्षा, रोजगार, उद्योग, अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवा में एआई के प्रभावी उपयोग पर दिशा-निर्देश प्रदान करेगा। मिशन एआई के उपयोग के लिए प्रोटोकॉल भी स्थापित करेगा, एआई के विकास और तमिल समाज के लिए उनके निहितार्थों की सावधानीपूर्वक जांच करेगा। तमिलनाडु सरकार ने टीएनएआईएम को लागू करने के पहले दो वर्षों के लिए 13.93 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। इस पहल का उद्देश्य अगले पांच सालों के अंदर तमिलनाडु को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हब में बदलना है। मुख्यमंत्री स्टालिन की अध्यक्षता में, टीएनएआईएम में शैक्षणिक संस्थानों के सदस्य, एआई उद्योग के विशेषज्ञ और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

तमिलनाडु ई-गवर्नेंस एजेंसी द्वारा तैयार किए गए मिशन दस्तावेज के अनुसार, टीएनएआईएम का प्राथमिक ध्यान शासन के लिए अनुसंधान और एआई-संचालित समाधान विकसित करने पर होगा। टीएनएआईएम का उद्देश्य सरकार, शिक्षाविदों, उद्यमों और निवेशकों को जोड़ने वाला एक मंच बनाना है, जो साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सहयोग को सुविधाजनक बनाता है। मिशन का उद्देश्य शासन को अधिक स्मार्ट, अधिक डेटा-केंद्रित और सुलभ बनाकर राज्य की डिजिटल अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है। तमिलनाडु आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन मौजूदा एआई इकोसिस्टम में अंतराल को पाटेगा, डेटा उपलब्धता, एआई फंडिंग, कम्प्यूटेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर, अनुसंधान और नवाचार जैसे क्षेत्रों को संबोधित करेगा।

यह शासन को सरल बनाने, ई-गवर्नेंस नेटवर्क को व्यापक बनाने और सार्वजनिक संस्थानों में एआई अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिए भी काम करेगा। टार्गेटेड पहलों के साथ इन प्रयासों से बौद्धिक और तकनीकी रूप से सशक्त समाज को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। टीएनएआईएम का लक्ष्य आम नागरिकों तक अधिकतम सुविधा पहुंचाना है।

## भूस्खलन प्रभावितों ने भोजन पैकेट में कीड़े होने का आरोप लगाया, डीवाईएफआई ने प्रदर्शन किया

**वायनाड।** वायनाड जिले के चूरलमाला-मुंडकई में भूस्खलन प्रभावित लोगों ने मेप्पाडी ग्राम पंचायत द्वारा दिए उन्हें प्रदान किये गये भोजन के पैकेट में कीड़े होने का आरोप लगाया। इसके बाद डीवाईएफआई ने विरोध-प्रदर्शन किया जिसके दौरान हिंसा भी हुई। मेप्पाडी पंचायत कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ द्वारा शासित है। डीवाईएफआई ने कार्यकर्ताओं ने कथित रूप से दूषित खाद्य पदार्थों को प्रदर्शित करते हुए धरना दिया। उस समय तनाव बढ़ गया जब डीवाईएफआई कार्यकर्ताओं ने पंचायत अध्यक्ष के कार्यालय में जबरन घुसने का प्रयास किया।

## मुलाकात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत


उत्तराखंड केदारखंड के विद्याधाम आश्रम के मदाधिपति उमेश स्वामीजी ने वेल्लोर में 6 नवम्बर को श्रीपुरम् के श्री नारायणी पीठम् के दर्शन किए और वहां शक्ति अम्मा से मुलाकात की। शक्ति अम्मा ने श्रीपुरम् प्रसादम प्रदान किया।



# बारिश के बावजूद भी चेन्नई में दिखा छठ पूजा का विशेष उत्साह

## अस्ताचल सूर्य को सायंकालीन अर्घ्य देकर व्रतियों ने की शांति की कामना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** लोक आस्था का महापर्व छठ के तीसरे दिन छठ व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया। बारिश के बावजूद भी छठ पूजा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। उत्तर चेन्नई के सुरापेटएक्वाग्रीन स्विमिंग पूल पर भारी संख्या में श्रद्धालु एवं छठ व्रतियों ने डूबते सूर्य को प्रणाम करते हुए सूर्य उपासना की।

शहर के विभिन्न जलाशयों व प्राइवेट स्विमिंग पूलों में व्रतियों से छठ पूजा की। एन्नूर स्थित एर्नाऊर के नेताजीनगर स्विमिंग पूल पर भी छठ पूजा करने वाले छठव्रतियों की संख्या सैकड़ों में थी। चेन्नई सेंट्रल रेलवे स्टेशन के पास मूर बाजार के मायलेडी स्विमिंग पूल, पार्क टाउन, जॉर्ज टाउन, साहूकारपेट चूलै, रायपुरम, एमसी रोड व्यासरपाड़ी आदि जगहों से लोगों ने श्रद्धा व आस्था से छठ पूजन किया। वहीं कई परिवार अपने घर के छतों पर ही छठ पर्व मनाते नजर आए। ज्ञातव्य है कि छठ महापर्व मंगलवार को नहाय खाय आरंभ हुआ था जो शुक्रवार को भगवान भास्कर के उदयगामी रूप को अर्घ्य देकर सम्पन्न होगा। बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश व आसपास के राज्यों के प्रवासी समुदाय ने गुरुवार को सूर्य भगवान को प्रथम सायंकालीन अर्घ्य देकर विश्व शांति की कामना की।

## तमिलनाडु सरकार दुर्गम इलाकों के लिए 25 बाइक एंबुलेंस शुरू करेगी

**चेन्नई/दक्षिण भारत।** तमिलनाडु सरकार दूरदराज के इलाकों में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच में सुधार के लिए 10 जिलों में मौजूदा ईएमआरआई सेवाओं के जरिए आदिवासी या पहाड़ी क्षेत्रों में दुर्गम बस्तियों में 25 बाइक एंबुलेंस शुरू करेगी। छह नवंबर के सरकारी आदेश (जीओ) में कहा गया है कि इस सेवा को क्रियान्वित और चालू करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन-तमिलनाडु के मिशन निदेशक को लगभग 1.60 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। यहां गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है, 'नई सेवा में मौजूदा '108 (1,353 संख्या) एंबुलेंस' नेटवर्क के लिए फीडर इकाइयों के रूप में 25 विशेष रूप से सुसज्जित बाइक एम्बुलेंस तैनात की जाएंगी।'

बताया गया कि ये बाइक अंतिम छोर की स्वास्थ्य सेवा संबंधी कमियों को दूर करेंगी। साथ ही प्रथम-प्रतिक्रिया आपातकालीन सेवाएं, रोगी को स्थिरीकरण तथा उच्च-स्तरीय देखभाल के लिए त्वरित परिवहन उपलब्ध कराएंगी। नए वेंचर के माध्यम से उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, प्रसवपूर्व देखभाल, जांच आदि के लिए सहायता, आपातकालीन चिकित्सा देखभाल और स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में स्थानांतरण शामिल हैं। हर बाइक एंबुलेंस 25 चयनित दूरदराज के गांवों में सेवा उपलब्ध कराएगी और रियल टाइम फ्लीट प्रबंधन और कुशल रेस्पांस एलोकेशन के लिए जीपीएस ट्रैकिंग से लैस है।

# चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स में तीसरे दौर की जीत के बाद एरिगेसी विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** भारत के अर्जुन एरिगेसी बृहस्पतिवार को यहां चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स 2024 में एलेक्से सरना पर जीत की बदौलत विश्व शतरंज रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गये। वह तीन दौर के बाद अमीन तबाताबेई के साथ मास्टर्स वर्ग में संयुक्त रूप से शीर्ष पर बने हुए हैं। काले मोहरों से खेलते हुए 21 वर्षीय अर्जुन ने सरना पर जीत की बदौलत फिर से अपनी 2,800 ईएलओ रेटिंग हासिल कर ली और फैबियानो कारुआना को पीछे छोड़ते हुए विश्व रैंकिंग में दूसरा स्थान प्राप्त कर लिया है।

मास्टर्स वर्ग के तीसरे दौर में अमीन तबाताबेई ने फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर मैक्सिम वचियर-लाग्रेव को हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस बीच लेवोन अरोनियन ने ईरान के परम मघसूदलू पर शानदार जीत हासिल की। भारत के विदित गुजराती ने स्थानीय दावेदार अरविंद चिदंबरम से अंक बांटे।

इसके अलावा प्रणव वी ने चैलेंजर्स वर्ग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और कार्तिकियन मुरली को हराकर लगातार तीसरी जीत हासिल की। प्रणेश एम ने वैशाली रमेशबाबू को हराकर अपनी स्थिति मजबूत की। हालांकि रौनक साधवानी और लियोन मेंडोंका के बीच कड़ी टक्कर वाला मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। हरिका द्रोणावल्ली और अभिमन्यु पुराणिक के बीच बाजी ड्रॉ रही। तीसरे दौर के बाद अर्जुन और तबाताबाई 2.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से मास्टर्स वर्ग में शीर्ष पर हैं जबकि अरोनियन 0.5 अंक पीछे तीसरे स्थान पर हैं। प्रणव चैलेंजर्स वर्ग में 3.0 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। उन्होंने अब तक अपने तीनों मुकाबलों में जीत हासिल की है।

## तमिलनाडु ने अंडमान एवं निकोबार को 43-0 से रौंदा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** मेजबान तमिलनाडु ने बृहस्पतिवार को यहां 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अंडमान एवं निकोबार को 43-0 से रौंद दिया जबकि मध्य प्रदेश ने आंध्र प्रदेश पर 17-0 की एकतरफा जीत दर्ज की। तमिलनाडु की ओर से कप्तान कार्ति एस ने 13 गोल दागे जबकि सोमन्ना बीपी और सुंदरापंदी ने नौ-नौ गोल किए। मेजबान टीम की ओर से मरीसवरन ने छह गोल दागे जबकि पृथ्वी जीएम, सेलवराज कनंगराज और श्याम कुमार ने क्रमश: तीन, दो और एक गोल किया। दिन के अन्य मुकाबलों में उत्तर प्रदेश ने दिल्ली को 4-1, चंडीगढ़ ने उत्तराखंड को 9-0 और मिजोरम ने तेलंगाना को 2-1 से हराया।

## सेल का सितंबर तिमाही का शुद्ध लाभ 31 प्रतिशत घटकर 897 करोड़ रुपए पर

**चेन्नई/नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी सेल का चालू वित्त वर्ष का सितंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 31 प्रतिशत घटकर 897.15 करोड़ रुपये रह गया। आमदनी घटने से कंपनी का मुनाफा नीचे आया है। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने बृहस्पतिवार को जुलाई-सितंबर तिमाही के नतीजों की शेयर बाजार को जानकारी दी। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने 1,305.59 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

आलोच्य अवधि में इस्पात कंपनी की कुल आय घटकर 24,842.18 करोड़ रुपये रह गई जो पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 29,858.19 करोड़ रुपये थी। तिमाही में कंपनी का खर्च 23,824.07 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 27,768.60 करोड़ रुपये था। इस बीच, सेल ने अलग से जारी बयान में कहा कि उसका कच्चा इस्पात उत्पादन बीती तिमाही में मामूली रूप से घटकर 47.6 लाख टन रहा। आलोच्य अवधि में इसकी बिक्री भी एक साल पहले के 47.7 लाख टन से घटकर 41 लाख टन रह गई। चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने कहा, उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही की तुलना में दूसरी छमाही अधिक आशाजनक परिणाम लेकर आएगी। इस्पात आयात में अपेक्षित गिरावट और जीडीपी एवं पूंजीगत व्यय में अनुमानित वृद्धि के साथ दूसरी छमाही में प्रदर्शन बेहतर रह सकता है।




## कमल हासन-मणिरत्नम की 'ठग लाइफ' अगले साल जून में होगी रिलीज

**चेन्नई/नई दिल्ली।** अभिनेता कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' अगले साल पांच जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसका निर्देशन मणिरत्नम ने किया है। फिल्म निर्माताओं ने हासन जन्मदिन पर इस तमिल फिल्म की रिलीज तारीख की घोषणा की। हासन का आज 70वां जन्मदिन है। निर्माण कंपनी 'राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल' ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स' पर हासन को जन्मदिन की शुभाकामनाएं देने के साथ फिल्म के अगले वर्ष पांच जून को रिलीज होने की जानकारी दी। फिल्म में सिलंबरासन टीआर, तृषा, अशोक सेलवन, अभिरामी, नासर, जोजू जॉर्ज, ऐश्वर्या लक्ष्मी, अली फजल और वैयापुरी जैसे कलाकार भी हैं। इस फिल्म के लिए हासन और रत्नम 35 साल बाद साथ आए हैं। दोनों ने आखिरी बार 1987 में आई फिल्म 'नायागन' में साथ काम किया था।

# पलक्कड़ में महिलाओं के कमरे में पुलिस का दाखिल होना गलत : प्रियंका

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**वायनाड।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने केरल के पलक्कड़ में महिला कांग्रेस नेताओं के होटल के कमरों की पुलिस द्वारा तलाशी लिए जाने की बृहस्पतिवार को निंदा की और कहा कि यह गलत है। पलक्कड़ में विधानसभा उपचुनाव हो रहा है। प्रियंका गांधी ने 'एशियानेट' समाचार चैनल से कहा, होटल में छापेमारी के बहाने आधी रात को पुरुष पुलिसकर्मियों का महिलाओं के कमरे में घुसना गलत था। पलक्कड़ विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार अभियान के बीच बुधवार को काले धन के संदेह में एक होटल में आधी रात को पुलिस की छापेमारी से राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। प्रियंका वायनाड लोकसभा उपचुनाव में यूडीएफ की उम्मीदवार के तौर पर छापेमारी के संबंध में किए गए सवाल का जवाब दे रही थीं।

आधी रात के करीब पुलिस ने होटल में तलाशी ली जिनमें वे कमरे भी शामिल थे जहां बिंदु कृष्णा और शनिमोल उस्मान सहित कांग्रेस की प्रमुख महिला नेता ठहरी हुई थीं। घटना ऐसे समय में हुई है जब कांग्रेस - संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) अपनी मौजूदा सीट को बरकरार रखने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है, जबकि सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और भाजपा - राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) कांग्रेस से इस सीट को छीनने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। उनका यह बयान केरल में राजनीतिक तूफान के बीच आया है, जहां सत्तारूढ़ माकपा ने सीसीटीवी फुटेज में एक कांग्रेस कार्यकर्ता को ट्रॉली बैग के साथ होटल में पहुंचते हुए दिखाए जाने के बाद जांच की मांग की है। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ ने वामपंथी पार्टी पर मीडिया को फुटेज जारी करने का आरोप लगाया है और चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि माकपा (एम) ने पूर्व नियोजित कार्रवाई में पुलिस तंत्र का दुरुपयोग किया है। इस बीच, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन ने आरोप लगाया कि पुलिस ने कांग्रेस नेताओं को होटल से काला धन निकालने में मदद की। चुनाव आयोग ने पहले कलपथी रथोत्सवम उत्सव का हवाला देते हुए पलक्कड़ विधानसभा उपचुनाव को 13 नवंबर से 20 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दिया था। निर्वाचन क्षेत्र के कांग्रेस विधायक शफी परम्बिल के वडकारा से लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद उपचुनाव आवश्यक हो गया था।



## वायनाड में कांग्रेस नेताओं की तस्वीरों वाले खाद्य पदार्थ पैकेट जब्त

**वायनाड/भाषा।** वायनाड लोकसभा उपचुनाव से पहले उस समय राजनीतिक विवाद पैदा हो गया है, जब जिले के थोलपेट्टी में बृहस्पतिवार को निर्वाचन आयोग और पुलिस के उड़न दस्ते ने कांग्रेस नेताओं की तस्वीरों वाले लगभग 30 खाद्य पदार्थ पैकेट जब्त किए। सूत्रों के अनुसार, चाय की पत्ती, चीनी, चावल और किराने के अन्य सामान वाले ये पैकेट एक स्थानीय कांग्रेस नेता के आवास के पास स्थित एक आटा मिल से जब्त किए।

